भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 469
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 7 फरवरी, 2019 को दिया जाना है

भारी उद्योग के लिए कच्चे माल की उपलब्धता

469. श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डीः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उन क्षेत्रों/राज्यों में कोईं सर्वेक्षण किया है, जहां भारी उद्योगों की स्थापना करने के लिए कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन राज्यों में जिनमें अभी तक कोई भी केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम नहीं है, कोई केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का भारी उद्योग स्थापित नहीं करने के कारण क्या हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क),(ख) और (ग): जी नहीं, भारी उदयोग विभाग ने उन क्षेत्रों/राज्यों में कोई सर्वेक्षण नहीं कराया है जहां भारी उद्योग स्थापित करने के लिए कच्ची सामग्री प्रचुरता में उपलब्ध है। इसके अलावा, उद्योग की स्थापना करना राज्य का विषय है और इस विभाग/मंत्रालय की भूमिका इसके प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सीपीएसईज के प्रशासन तक ही सीमित है।

*****